an>

Title: Need to provide adequate funds for construction of Railway Bridge in Naguar district, Rajasthan -laid.

श्री हनुमान बैनिवाल (नागौर): सभापति महोदय, नागौर जिले के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न रेलवे ब्रिज (पुलिया) के अधूरे निर्माण व कार्य शुरू नहीं होने से आमजन को विभिन्न तकलीफों व रोजमर्रा के जीवन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है ।

माननीय सभापति : जो लिखा है, वही पढ़िए । इसके अलावा कोई भी चीज़ रिकॉर्ड में नहीं जाएगी । जो लिखा है, केवल वही रिकॉर्ड में जाएगी ।

श्री हनुमान बैनिवाल: सभापति महोदय, राज्य सरकार के अधिकारी केन्द्र से आर्थिक राशि किश्त नहीं मिलने की शिकायत पर ठेकेदारों से कार्य व भुगतान नहीं होने पर निर्माण रूके होने की वजह बता रहे हैं । कृपया लोक महत्व के विषय पर चर्चा व जवाब द्वारा आमजन को राहत प्रदान करने की कृपा करें ।